# पाठ-13

## क्रिया-विशेषण

**निम्न में से कौन सा विकल्प स्थानवाचक क्रिया - विशेषण का उदाहरण नहीं है?**

A. भीतर

B. तेज

C. बाएं

D. उपर

**निम्न में से कौन सा वाक्य क्रिया विशेषण का उदाहरण नहीं है?**

A. आज तेज़ बारिश होगी।

B. अब उठ भी जाओ।

C. तुम्हें कम बोलना चाहिए।

D. वह धीरे-धीरे चलता है।

**जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?**

A. विशेषण

B. क्रिया

C. क्रिया-विशेषण

D. इनमे से कोई नहीं

**निम्न में से कौन सा विकल्प स्थानवाचक क्रिया - विशेषण का उदाहरण नहीं है?**

A. तेज

B. बाएं

C. ऊपर

D. उत्तर नहीं देना चाहते

**क्रिया-विशेषण के कितने भेद होते हैं ?**

A. 2
B. 3
C. 4
D. 5

LIVEWORKSHEETS

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण शब्द को रेखांकित कीजिए-

1. वहाँ मत बैठिए।
2. मोहन प्रतिदिन पड़ता है।
3. सविता बाहर खेल रही है।
4. बंदर पेड़ के ऊपर कूद रहा है।
5. मनु ने खरबूजा खूब खाया।
6. राधा मां धीरे-धीरे चलती है।
7. इस बार सर्दी अधिक पड़ रही है।
8. क्या तुम कल लौटोगे ?
9. राजेश तुम बहुत बोलते हो, कम बोलो।
10. मोना राधिका के बाई ओर खड़ी है।
11. अंदर जाकर काम करो।
12. राहुल ने घड़ी यहाँ रखी थी।
13. सिकंदरा जल्दी-जल्दी बोलती है।
14. वह पेड़ के नीचे खड़ा है।
15. राजेश्वरी ने हँसते हुए कहा।

LIVEWORKSHEETS